# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### जनवरी-फरवरी, 2009 सत्र

### मंगलवार, दिनांक 10 फरवरी, 2009

### तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला जांजगीर-चांपा में चिकित्सकों की पदस्थापना

1. ( *क्र. 418 ) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) जिला जांजगीर-चांपा के किन-किन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के पद रिक्त हैं ? ( ख ) उक्त केन्द्रों में चिकित्सकों की पदस्थापना कब तक कर दी जायेगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) सरखों, सलखन, सिवनी, केरा, कापन, नरियरा, कोटमीसोनार, दल्हापोड़ी, अड़भार, फगुरम, घोघरी, मुलमुला, बारगांव, सारागांव, दारंग, बिर्रा, चोरिया, कात्रेनगर, सोंठी, टुण्ड्री, सपोस, देवरघटा, कोटमी, गतवा, पहरिया, फोंगरा, कुरदा, पोरथा, लवसरा, जर्वे, देवरी, रायपुरा, हसौद में चिकित्सकों के पद रिक्त हैं. ( ख ) निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं है.

बस्तर संभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के स्वीकृत पद

2. ( *क्र. 341 ) **डॉ. सुभाऊ कश्यप :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) बस्तर संभाग में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं ? जिलेवार संख्या बतावें. ( ख ) इन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं ? कृपया संख्या एवं वर्ग बतायें. ( ग ) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत चिकित्सकों में कितने सहायक शल्य चिकित्सक तथा कितने आयुर्वेद चिकित्सक हैं ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) बस्तर संभाग में कुल 127 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं. बस्तर जिले में 55, कांकेर जिले में 28, नारायणपुर जिले में 07, दंतेवाड़ा जिले में 24, बीजापुर जिले में 13 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं. ( ख ) 382 पद. 254 एलोपैथी, 116 आयुर्वेद, 08 होम्योपैथी तथा 04 यूनानी चिकित्सक. ( ग ) 41 सहायक शल्य चिकित्सक एवं 195 आयुर्वेदिक चिकित्सक कार्यरत हैं.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय परिवार सहायता के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरण

3. ( *क्र. 476 ) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत विकासखण्ड, लोहण्डीगुड़ा, बस्तानार एवं दरभा में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में कितने प्रकरण पंजीकृत किए गए ? ( ख ) क्या स्वीकृत समस्त प्रकरणों में सहायता राशि उपलब्ध कराई गई ? यदि नहीं, तो कितने शेष हैं तथा कब तक उपलब्ध करा दी जाएगी ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** ( सुश्री लता उसेंडी ) : ( क ) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट अंतर्गत विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा, बस्तानार एवं दरभा में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में पंजीकृत प्रकरणों का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में है. ( ख ) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दी गई है.

---

† परिशिष्ट "एक"

भटगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत चिकित्सकों के रिक्त पद

4. ( *क्र. 386) **श्री रविशंकर त्रिपाठी :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भटगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं ? (ख) विभाग द्वारा रिक्त पदों में पदस्थापना हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 25 पद. (ख) छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को मांग पत्र भेजा गया है. लोक सेवा आयोग स्तर पर पद पूर्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

रायपुर तहसील के ग्राम सड्डू में भूमि का आबंटन

5. ( *क्र. 464) **मोहम्मद अकबर :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर तहसील विधान सभा रोड के ग्राम सड्डू में वर्ष 2007 एवं 2008 में 20 एकड़ से अधिक भूमि का आबंटन किसको-किसको, किन शर्तों के अधीन किस कार्य हेतु कब-कब, कितनी-कितनी राशि में किया गया है ? (ख) फर्म/कम्पनी के नाम उनके प्रोप्रायटर, पार्टनर, डायरेक्टर के नाम पते कहां के हैं ? बताएं ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) रायपुर तहसील, विधान सभा रोड के पास ग्राम सड्डू में वर्ष 2007 में 20 एकड़ से अधिक भूमि का आवंटन नहीं किया है. वर्ष 2008 में शासनादेश दिनांक 19-9-08, सहपठित आदेश 3-10-2008 द्वारा 40 एकड़ भूमि का आवंटन भारत एल्युमिनियम कम्पनी लिमिटेड (वेदान्त ग्रुप) बाल्को नगर कोरबा को कैंसर हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर आदि के निर्माण हेतु राशि रु. 1/- प्रति वर्ष लीज रेंट पर एम. ओ. यू. के अन्य शर्तों के साथ-साथ, हास्पिटल की कुल विस्तार क्षमता के 15 प्रतिशत की संख्या में बी.पी.एल. परिवारों के मरीजों का तथा 5 प्रतिशत की संख्या में छ. ग. शासन द्वारा अनुशंसित मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा, किया गया है. शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ", "ब" एवं "स" पर है. (ख) कम्पनी का नाम भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड, पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है. कम्पनी में प्रोप्रायटर तथा पार्टनर नहीं है. कम्पनी के संचालक मण्डल, की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "द" पर है.

रायगढ़ जिले के औद्योगिक प्रयोजन हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

6. ( *क्र. 397) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में 1 फरवरी 2006 से दिनांक 31-1-09 तक कुल कितनी जमीन किस-किस उद्योग के लिए औद्योगिक प्रयोजन हेतु शासन द्वारा अधिग्रहित की गई है ? उद्योगवार अधिग्रहित भूमि का ग्राम, खसरा एवं रकबा बतावें ? (ख) अधिग्रहित भूमि का एवार्ड कब-कब पारित हुआ और कितने लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है तथा कितने को देना शेष है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) रायगढ़ जिले में 01-02-2006 से 31-01-2009 तक कुल 163.781 हेक्टेयर जमीन 4 उद्योगों के लिए शासन द्वारा अधिग्रहित की गई है. उद्योगवार अधिग्रहित भूमि का ग्राम, खसरा एवं रकबा † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

प्रदेश में नक्सली वारदातों से पुलिस कर्मियों की मौत

7. ( *क्र. 421) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्ष 2008-09 में 15-01-09 तक नक्सलियों द्वारा कितनी वारदातें कहां-कहां की गई हैं ? दिनांकवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित अवधि में नक्सली वारदातों में कितने पुलिस कर्मियों की मौत हुई है ? (ग) क्या सभी मृतकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा चुकी है ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) प्रदेश में वर्ष 2008-09 में दिनांक 15-01-2009 तक नक्सलियों द्वारा जिला बस्तर में 40, नारायणपुर में 93, दंतेवाड़ा में 133, बीजापुर में 182, कांकेर में 77, राजनांदगांव में 12, रायपुर में 01, दुर्ग में 2, सरगुजा में 02, बलरामपुर में 12, सूरजपुर में 01, जशपुर में 01 कुल 556 वारदातें की गई हैं. दिनांकवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है. (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित अवधि में कुल 54 पुलिस कर्मी शहीद हुए हैं. (ग) जी नहीं.

---

† परिशिष्ट "दो"

बालको प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण

8. ( *क्र. 506) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि बालको प्रबंधन द्वारा 1036.52 एकड़ पर अतिक्रमण किया गया ? यदि हां, तो क्या भू-राजस्व संहिता की धारा 248 (1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ? (ख) यदि हां, तो कब तथा कहां ? (ग) प्रश्नाधीन अतिक्रमण भूमि पर बालको प्रबंधन द्वारा क्या कोई निर्माण कराया जा रहा है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी हां. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ग) बाल्को प्रबंधन द्वारा प्रश्नाधीन भूमि ग्राम रिसदा प. ह. नं. 4 तह. व जिला कोरबा के शासकीय भूमि मद 'बड़े झाड़ के जंगल' खसरा नम्बर 111/1 एवं 111/4 संयुक्त रकबा 13.391 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर 224/1 योग रकबा 27.571 हेक्टेयर में से 6.069 हेक्टेयर कुल योग रकबा 19.460 हेक्टेयर भूमि पर 1200 मेगावाट ताप विद्युत गृह निर्माण हेतु चिमनी बनाने एवं विद्युत गृह के ढांचा निर्माण का कार्य किया जा रहा है.

रायपुर जिला में जिंदा बम प्राप्त होने की जांच

9. ( *क्र. 513) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि दिनांक 27-12-2008 को जिला रायपुर के ग्राम मंदिरहसौद एवं ग्राम मांढर में 14 (चौदह) नग जिंदा बम के गोले मिले हैं ? यदि हां, तो कहां-कहां कितने बम मिले ? (ख) क्या प्रश्न (क) में पूछे गए प्रकरण में प्राप्त जिंदा बम गोले की फोरेन्सिक या अन्य विस्फोट विशेषज्ञों से जांच करायी गयी है ? यदि हां, तो इन बमों की क्षमता कितनी है ? (ग) क्या प्रश्न (क) के प्रकरण में अपराधी गिरफ्तार कर लिये गये हैं ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर) : (क) जी हां. ग्राम मंदिर हसौद में 12 नग बम सेल एवं ग्राम मांढर में 02 नग बम सेल कुल 14 नग बम के सेल मिले हैं. (ख) जी हां. थाना-मंदिर हसौद से जप्त जिन्दा सेल का बम डिस्पोजल विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय, रायपुर से जांच कराया गया, बम सेल 105 एम. एम. के हैं, जो हाई एक्सप्लोजिव भरा हुआ अत्यन्त खतरनाक किस्म के विस्फोटक पदार्थ से बने हुये हैं. (ग) जी हां. उक्त प्रकरण के संबंध में थाना-धरसींवा में अपराध क्र. 10/08 धारा (41-1) क, प, जा. फौ. 379 भा. द. वि. एवं 3 (ए) यूपी. आरपी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना उपरान्त आरोपी (1) सत्येन्द्र उर्फ मन्टू पिता राजू गिरी उर्फ शीतल 18 वर्ष, साकिन मांढर स्टेशन पारा पान ठेला के पास, (2) अमित शर्मा पिता शिवनाथ शर्मा, मांढर कालोनी को दिनांक 28-12-2008 को गिरफ्तार किया गया है.

कसडोल विधान सभा क्षेत्रांतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा

10. ( *क्र. 539) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या छत्तीसगढ़ शासन में गरीबी रेखा कार्डधारक मरीजों को नि:शुल्क दवा व इलाज उपलब्ध कराने का प्रावधान है ? (ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007-08 व 2008-09 में कसडोल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड कसडोल, विकासखण्ड बलौदा बाजार के लवन आर. आई. सर्किल व पलारी विकासखण्ड में कितने गरीबी रेखा कार्ड धारक मरीजों को नि:शुल्क दवा व इलाज की व्यवस्था कराई गई ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी हां. (ख) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | स्थान का नाम | वर्ष | गरीबी रेखा कार्ड धारक मरीजों की संख्या जिनका नि:शुल्क उपचार किया गया | ईलाज (संजीवनी कोष से) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विकासखण्ड, कसडोल | 2007-08 | 12333 | 8 |
| | | 2008-09 | 13205 | 1 |
| 2. | विकासखण्ड, बलौदा बाजार के लवन आर. आई. सर्किल. | 2007-08 | 2499 | 1 |
| | | 2008-09 | 2930 | 0 |
| 3. | विकासखण्ड, पलारी | 2007-08 | 6688 | 5 |
| | | 2008-09 | 7593 | 4 |
| | | **कुल योग** | **45248** | **19** |

† परिशिष्ट "तीन"

### पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति

11. ( *क्र. 373) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के पत्थलगांव एवं कांसाबेल विकासखण्ड में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र हैं ? कितने ग्राम आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** ( सुश्री लता उसेंडी ) : पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के पत्थलगांव में 405 एवं कांसाबेल विकासखण्ड में 181 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं. पत्थलगांव विकासखण्ड के 5 ग्राम, आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं तथा कांसाबेल विकासखण्ड में कोई भी पूरा ग्राम आंगनबाड़ी भवन विहीन नहीं हैं.

### बाल संप्रेक्षण गृह माना से फरार बाल कैदियों के संबंध में

12. ( *क्र. 520) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क) रायपुर जिले के माना बाल संप्रेषण गृह में 01 जनवरी, 2008 से 19 जनवरी, 2009 तक की स्थिति में कितने बाल कैदी हैं ? माहवार अलग-अलग बताएं ? ( ख) क्या यह सत्य है कि माना बाल संप्रेषण गृह से दस बाल कैदी फरार हो गये हैं ? यदि हां तो कब ? उक्त समय में कौन-कौन अधिकारी कर्मचारी कर्तव्यरत थे ? नाम पद सहित बतायें ? ( ग) 19 जनवरी 09 की स्थिति में फरार बाल कैदियों में से कितने पकड़ गये और कितने पकड़ से बाहर हैं ? दोषी कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** ( सुश्री लता उसेंडी ) : ( क) किशोर न्याय ( बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 के अनुसार किसी बालक को बाल कैदी की संज्ञा नहीं दी जाती है. किशोरों की माहवार संख्या * संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. ( ख) यह सत्य है कि दिनांक 18-01-2009 को 10 बच्चे सम्प्रेक्षण गृह से फरार हो गये थे. उक्त समय में श्रीमती चमेली चंद्राकर-अधीक्षक, श्री एस. आर. वर्मा, परिवीक्षा अधिकारी, श्री देव कुमार कौशिक-हाऊस मास्टर, श्री बालोराम निर्मलकर एवं श्री मनोज कुमार शर्मा केयरटेकर कर्तव्यरत थे. ( ग) एक बालक पकड़ा गया है तथा 9 बालक पकड़ से बाहर हैं. इस घटना के समय मुख्यालय/कर्तव्य से अनुपस्थित दोषी अधिकारी/कर्मचारी श्रीमती चमेली चंद्राकर, अधीक्षिका को निलंबित किया गया है. श्री संतराम वर्मा, परिवीक्षा अधिकारी की एक वेतनवृद्धि तथा श्री बालोराम निर्मलकर एवं श्री मनोजकुमार शर्मा, केयरटेकर की दो-दो वेतनवृद्धि रोकी गई है.

### नई शराब दुकान खोले जाने के नियम

13. ( *क्र. 468) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में शराब ( देशी/विदेशी) की कितनी नई दुकानें खोली गईं ? जिलेवार एवं स्थान सहित ब्यौरा दें ? ( ख) नई शराब दुकाने खोलने के क्या नियम हैं ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) :

( क)

| क्र. | वर्ष | खोली गई दुकान | | योग |
|---|---|---|---|---|
| | | देशी मदिरा | विदेशी मदिरा | |
| 1. | 2006-07 | 60 | 60 | 120 |
| 2. | 2007-08 | निरंक | निरंक | निरंक |

जिलेवार एवं स्थान संबंधी जानकारी ** संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. ( ख) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के अन्तर्गत निर्मित आबकारी सलाहकार समिति के गठन और कार्य सम्बन्धी नियमों के अन्तर्गत आगामी वर्ष के आबकारी ठेकों के लिए प्रतिवर्ष कलेक्टर की अध्यक्षता में आबकारी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें संबंधित जिले द्वारा प्रस्तावित और समिति के सदस्यों द्वारा बताए गए स्थान पर नवीन दुकान खोलने पर विचार विमर्श उपरांत कलेक्टर की अनुशंसा पश्चात् विचारोपरान्त शासन स्वीकृति पर नई शराब दुकान खोली जाती है. अनुसूचित क्षेत्रों में नई शराब दुकान खोलने के पूर्व छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 61-क की उप-धारा (2) के अनुसार संबंधित ग्राम सभा की अनुमति आवश्यक है, अर्थात् ग्राम सभा की क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर समाविष्ट, किसी क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा ग्राम सभा की सहमति या अनुज्ञा के बिना किसी भी स्थान/ग्राम में नई शराब दुकान नहीं खोली जा सकती है.

---

* परिशिष्ट "चार"                    ** परिशिष्ट "पांच"

रायगढ़ जिला के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ व रिक्त कर्मचारियों की संख्या

14. ( *क्र. 432) **श्री नन्दकुमार पटेल :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में कुल कितने स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? स्थान एवं इनमें पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या बतावें. (ख) क्या इन स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के अनुरूप कर्मचारी पदस्थ हैं ? यदि नहीं, तो रिक्त पद कब तक भरे जायेंगे ? (ग) रायगढ़ जिले में कितने स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालित हैं ? इन केन्द्रों के लिये भवन कब तक बना लिये जायेंगे ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) 379 स्वास्थ्य केन्द्र. † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी नहीं. निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं. (ग) कोई नहीं. निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं.

जिला जांजगीर-चांपा एवं कोरबा में लूट एवं अपहरण के दर्ज प्रकरणों की संख्या

15. ( *क्र. 451) **डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के जांजगीर-चांपा एवं कोरबा जिले में 1 जनवरी, 2008 से 15 जनवरी, 2009 तक लूट एवं अपहरण के कितने-कितने मामले दर्ज किये गये ? थानावार जानकारी प्रदान करें ? (ख) कितने प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है ? एवं कितने प्रकरण लंबित हैं ? लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक कर लिया जावेगा ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश के जांजगीर-चांपा जिले में लूट के 37 प्रकरण एवं अपहरण के 09 प्रकरण तथा जिला कोरबा में लूट के 39 प्रकरण एवं अपहरण के 12 प्रकरण दर्ज किये गए हैं. थानावार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित 97 प्रकरणों में से 17 प्रकरणों का निराकरण हो गया है एवं 80 प्रकरण निराकरण हेतु शेष हैं. विवेचना एवं न्यायालयीन प्रक्रिया में लगने वाले समय के कारण निराकरण की निश्चित समयावधि बताना संभव नहीं है.

रायपुर प्रेस काम्प्लेक्स के समीप रजबंधा में स्कूल हेतु आरक्षित भूमि

16. ( *क्र. 465) **मोहम्मद अकबर :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर शहर में रायपुर प्रेस कम्प्लेक्स के पास रजबंधा में स्कूल हेतु कुल कितनी भूमि राजस्व अभिलेखों में कब से आरक्षित है ? (ख) क्या उक्त भूमि में कोई निर्माण कार्य हुआ है ? यदि हां, तो क्या-क्या, किसके द्वारा किसकी अनुमति से ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) कुल 43,560 वर्गफुट भूमि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हेतु राज्य शासन की स्वीकृति आदेश की प्रत्याशा में दिनांक 13-9-94 से उप संचालक शिक्षा रायपुर के लिये शैक्षणिक प्रयोजन हेतु सुरक्षित रखी गई है. (ख) जी हां. सुलभ शौचालय तथा सामुदायिक भवन निर्मित है. निर्माण कार्य संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ. ग. रायपुर तथा नगर पालिक निगम रायपुर की स्वीकृति से नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा किया गया है.

रायगढ़ जिले में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

17. ( *क्र. 398) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में थानावार, तिथिवार मौत, हत्या, हत्या का प्रयास, दहेज प्रताड़ना, बलात्कार, डकैती, लूट, चोरी, मारपीट एवं थाना जाकर तोड़फोड़ के कितने प्रकरण 01-04-08 से 31-12-08 तक दर्ज हुये हैं ? (ख) उपरोक्त में थानावार कितने अपराधी गिरफ्तार किये गये ? (ग) कितने अपराधी नहीं पकड़े गये हैं ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में रायगढ़ जिले में 811 मौत, 70 हत्या, 16 हत्या के प्रयास, 3 दहेज हत्या, 34 दहेज प्रताड़ना, 21 बलात्कार, 3 डकैती, 17 लूट, 479 चोरी, 702 मारपीट एवं 2 थाना जाकर तोड़-फोड़ करने के प्रकरण दर्ज किये गये. थानेवार एवं तिथिवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दी गई है. (ख) 2002 अपराधी गिरफ्तार किये गये. थानेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दी गई है. (ग) 86 अपराधी नहीं पकड़े गये.

† परिशिष्ट "छः" †† परिशिष्ट "सात"

विधान सभा क्षेत्र कोटा में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

18. ( *क्र. 422) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कोटा में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं तथा कितने भवन विहीन हैं ? विकासखण्डवार जानकारी दें ? (ख) वर्ष 2007-08 में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी दें ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विधान सभा क्षेत्र कोटा में कुल 337 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं. उनमें से 123 आंगनबाड़ी केन्द्रों के पास स्वयं के भवन नहीं हैं. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दी गई है. (ख) वर्ष 2007-08 में कुल 26 आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दी गई है.

प्रदेश में नक्सली वारदातों में मृतकों की संख्या

19. ( *क्र. 507) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 1-4-07 से 15-01-09 तक नक्सलियों द्वारा कितनी वारदातें कहां-कहां की गई है ? दिनांकवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित अवधि में नक्सली वारदातों में कितने नागरिक एवं पुलिस कर्मियों की मौत हुई है ? (ग) क्या सभी मृतकों के परिजनों को मुआवजा की राशि प्रदाय की जा चुकी है ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) प्रदेश में वर्ष 01-04-2007 से 15-01-2009 तक नक्सलियों द्वारा जिला बस्तर में 72, नारायणपुर में 174, दंतेवाड़ा में 262, बीजापुर में 450, कांकेर में 160, राजनांदगांव में 29, रायपुर में 06, दुर्ग में 06, सरगुजा में 02, बलरामपुर में 22, सूरजपुर में 04, जशपुर में 01 एवं कोरिया में 02 कुल 1190 वारदातें की गई हैं. दिनांकवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दी गई है. (ख) उल्लेखित अवधि में नक्सली वारदात में 277 नागरिक एवं 49 एसपीओ तथा 154 पुलिस कर्मियों की मौत हुई है. (ग) जी नहीं. नक्सली वारदात में मारे गये 277 नागरिकों में से 167 नागरिकों को राहत/सहायता राशि एवं 49 शहीद एसपीओ में से 39 एसपीओ को अनुग्रह राशि तथा 154 शहीद पुलिस कर्मियों में से 146 शहीद पुलिस कर्मियों को विशेष अनुग्रह राशि प्रदाय की गई है.

बिलासपुर जिले में बम विस्फोट की घटना

20. ( *क्र. 516) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि दिनांक 12-12-2008 को बिलासपुर शहर में बम ब्लास्ट की घटना घटित हुई है ? यदि हां, तो इस घटना में कितने लोग घायल हो गये ? कितने लोगों की मौत हुई ? (ख) क्या प्रश्न (क) में पूछी गई घटना के अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ? यदि हां, तो अपराधियों के नाम बतावें ? (ग) क्या प्रश्न (क) में हुई घटना से घायल लोगों को शासन द्वारा कोई सहयोग या अनुदान या क्षतिपूर्ति की राशि दी गयी है ? यदि हां, तो विवरण देवें?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) जी हां. 03 (तीन) व्यक्ति घायल हुए, किसी की मृत्यु नहीं हुई. (ख) जी नहीं. (ग) जी हां. घायल राहगीर श्री विशाल मनचन्दा को उपचार हेतु रु. 4000/ (रुपये चार हजार मात्र) आर्थिक सहायता दी गई है.

कसडोल विधान सभा क्षेत्र में संचालित योजनाओं हेतु एन. जी. ओ. को उपलब्ध कराई गई राशि

21. ( *क्र. 540) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 01-01-2006 से 31-12-2008 के मध्य विधान सभा क्षेत्र कसडोल में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित कौन-कौन सी योजनाओं का संचालन कौन-कौन सी गैर शासकीय संस्थाओं (एन.जी.ओ.) के द्वारा कब से किया जा रहा है ? (ख) उक्त संस्थाओं को कितनी-कितनी राशि कौन से कार्यक्रम हेतु दी गई है ? वर्षवार विवरण दें. (ग) प्रश्नांक (क) में पूछे गये कितने एन.जी.ओ. छत्तीसगढ़ या केन्द्र शासन द्वारा पंजीकृत है, एवं कितने पंजीकृत नहीं है ? नाम सहित जानकारी देवें. (घ) क्या प्रश्न (क) में पूछे गये एन.जी.ओ. द्वारा आडिट करवाया गया है ? यदि हां, तो कब-कब एवं क्या छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन आडिट का परीक्षण किया गया है ? यदि हां, तो कब-कब विस्तृत विवरण देवें.

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) कोई नहीं. (ख) से (घ) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "आठ"

## जशपुर जिले में अपराधों के दर्ज प्रकरण

22. ( *क्र. 374) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जशपुर जिले में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट एवं चोरी, मौत, दहेज प्रताड़ना, बलात्कार के कितने प्रकरण वर्ष 2007-08 में दिनांक 31-12-2008 तक दर्ज हुये हैं ? थानावार जानकारी देवें. (ख) उपरोक्त में से थानावार कितने प्रकरणों में अपराधी पकड़े गये ? कितने में चालान पेश हुये तथा कितने प्रकरणों में उपरोक्त दिनांक तक अपराधी नहीं पकड़े गये ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) जशपुर जिले में वर्ष 2007-08 में हत्या का प्रयास-15, डकैती-09, लूट-35, चोरी-92, मौत-615, दहेज प्रताड़ना-08 एवं बलात्कार-60, कुल-834 प्रकरण दर्ज किये गये. एवं दिनांक 01 अप्रैल-08 से 31-12-2008 तक हत्या का प्रयास-12, डकैती-05, लूट-17, चोरी-93, मौत-482, दहेज प्रताड़ना-11 एवं बलात्कार के-50, कुल-670 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. थानावार जानकारी † परिशिष्ट में दी गई है. (ख) उपरोक्त अवधि में जिले के कुल 12 थानों में कुल 147 प्रकरण में 297 अपराधी पकड़े गये एवं 150 प्रकरणों में चालान पेश किया गया तथा 72 प्रकरणों में आज दिनांक तक अपराधी नहीं पकड़े गये.

---

† परिशिष्ट "नौ "

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 476) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | वर्ष | पंजीकृत प्रकरणों की संख्या | स्वीकृत प्रकरणों की संख्या | भुगतान किये गये प्रकरणों की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | लोहण्डीगुडा | 2007-08 | 53 | 33 | 33 | 20 आवेदन अपात्र होने के कारण निरस्त किया गया. |
| | | 2008-09 | 28 | 12 | 12 | 16 आवेदन पत्र अपात्र होने के के कारण निरस्त किये गये हैं. |
| 2. | बास्तानार | 2007-08 | 113 | 65 | 65 | 48 आवेदन अपात्र होने के कारण निरस्त किया गया. |
| | | 2008-09 | 10 | 10 | 10 | |
| 3. | दरभा | 2007-08 | 69 | 68 | 68 | 01 आवेदन अपात्र होने के कारण निरस्त किया गया. |
| | | 2008-09 | 75 | 65 | 65 | 10 आवेदन पत्र अपात्र होने के कारण निरस्त किये गये हैं. |

# परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 06 (क्र. 397) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

## प्रपत्र "अ"

| क्र. | उद्योग का नाम | ग्राम का नाम | खसरा | अर्जित भूमि का रकबा (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, पतरापाली. | 1 सराईपाली | 49 | 11.549 |
| | | 2. कलमी | 71 | 31319 |
| | | 3. गोरखा | 87 | 21.096 |
| | | 4. धनागर | 38 | 8.968 |
| | | 5. डोंगाडकेला | 20 | 9.150 |
| 2. | मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड, तमनार. | 1. पाता | 75 | 39.656 |
| | | 2. तमनार | 41 | 17.263 |
| | | 3. सलिहाभंठा | 69 | 17.982 |
| | | 4. बुड़िया | 01 | 0.024 |
| | | 5. टेहली रामपुर | 36 | 25.246 |
| 3. | मेसर्स रूकमणी स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, रानीसागर. | 1. रानीसागर | 04 | 0.962 |
| 4. | मेसर्स विमला इन्फास्ट्रक्चर प्राइवेट लि., भूपदेवपुर. | 1. भूपदेवपुर | 04 | 0.566 |
| | योग | 12 ग्राम | 495 | 183.781 |

## प्रपत्र "ब"

### रायगढ़ जिले में औद्योगिक प्रयोजन हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

| क्र. | उद्योग का नाम | ग्राम का नाम | अवार्ड तिथि | प्रभावित कृषकों/ खातेदारों की संख्या | मुआवजा वितरित खातेदारों की संख्या | मुआवजा देने हेतु शेष खातेदारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, पतरापाली. | I. सराईपाली | 22-09-2006 | 80 | 26 | 54 |
| | | II. कलमी | 22-09-2006 | 104 | 97 | 07 |
| | | III. गोरका | 17-07-2008 | 76 | 58 | 18 |
| | | IV. धनागर | 17-07-2008 | 80 | 32 | 48 |
| | | V. डोंगाडकेला | 17-07-2008 | 26 | 26 | 00 |
| 2. | मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड, तमनार. | I. पाता | 23-05-2007 | 43 | 36 | 07 |
| | | II. तमनार | 22-10-2007 | 23 | 07 | 16 |
| | | III. सलिहाभांठा | 22-10-2007 | 31 | 05 | 26 |
| | | IV. बुड़िया | 22-10-2007 | 01 | 00 | 01 |
| | | V. टेहली रामपुर | 22-10-2007 | 19 | 18 | 01 |
| 3. | मेसर्स रुकमणी स्टील एंड पावर लिमिटेड, रानीसागर. | I. रानीसागर | 09-09-2008 | 04 | 02 | 02 |
| 4. | मेसर्स विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, भूपदेवपुर. | I. भूपदेवपुर | 19-08-2008 | 04 | 04 | 00 |
| | योग | 12 ग्राम | . | 491 | 311 | 180 |

## परिशिष्ट ''तीन''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 506) के भाग (ख) की जानकारी ].

वर्ष 2004-05 में तहसीलदार कोरबा के न्यायालय में क्रमश:

1. ग्राम रिसदा के रा. प्र. क्र. 9 अ-68 दिनांक 17-06-05
2. ग्राम जामबहार के रा. प्र. क्र. 10 अ-68 दिनांक 17-06-05
3. ग्राम पाठीमार के रा. प्र. क्र. 11 अ-68 दिनांक 17-06-05
4. ग्राम रोगबहरी के रा. प्र. क्र. 12 अ-68 दिनांक 17-06-05
5. ग्राम दोंदरो के रा. प्र. क्र. 13 अ-68 दिनांक 17-06-05
6. ग्राम रिसदा के रा. प्र. क्र. 14 अ-68 दिनांक 28-06-05
7. ग्राम रूमगरा के रा. प्र. क्र. 15 अ-68 दिनांक 28-06-05
8. ग्राम जामबहार के रा. प्र. क्र. 16 अ-68 दिनांक 28-06-05
9. ग्राम दोंदरो के रा. प्र. क्र. 17 अ-68 दिनांक 28-06-05
10. ग्राम कोहड़िया के रा. प्र. क्र. 18 अ-68 दिनांक 28-06-05

दर्ज किया गया है.

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 520) के भाग (क) की जानकारी ]

**01 जनवरी 2008 से 19 जनवरी 2009 तक बाल संप्रेक्षण गृह, माना रायपुर में निरुद्ध अपचारी बालकों की माहवार संख्या**

| माह (1) | पूर्व शेष (2) | प्रवेश (3) | मुक्त (4) | माह अंत में शेष (5) | औसत उपस्थिति (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| जनवरी 08 | 57 | 48 | 56 | 49 | 58 |
| फरवरी 08 | 49 | 56 | 48 | 57 | 59 |
| मार्च 08 | 57 | 31 | 41 | 47 | 52 |
| अप्रैल 08 | 47 | 40 | 48 | 39 | 41 |
| मई 08 | 39 | 59 | 36 | 62 | 51 |
| जून 08 | 62 | 55 | 56 | 61 | 59 |
| जुलाई 08 | 61 | 45 | 52 | 54 | 57 |
| अगस्त 08 | 54 | 44 | 39 | 59 | 53 |
| सितम्बर 08 | 59 | 51 | 40 | 70 | 58 |
| अक्टूबर 08 | 70 | 57 | 63 | 64 | 67 |
| नवम्बर 08 | 64 | 18 | 17 | 65 | 63 |
| दिसम्बर 08 | 65 | 49 | 55 | 59 | 67 |
| 01 जनवरी 09 से 19 जनवरी तक | 59 | 25 | 22 | 62 | 63 |

## परिशिष्ट ''पांच''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 468) के भाग (क) की जानकारी ]

### वर्ष 2006-07 में देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की नवीन खोली गई दुकानों की सूची

| क्रमांक | नाम जिला | किस्म दुकान | स. क्र. | दुकान/स्थान का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | रायपुर | देशी मदिरा | 1. | मधईभाठा |
| | | देशी मदिरा | 2. | मिचौद |
| | | देशी मदिरा | 3. | डेरहाडीह |
| | | देशी मदिरा | 4. | सलिहा |
| | | देशी मदिरा | 5. | बरपानी |
| | | देशी मदिरा | 6. | रावन |
| | | देशी मदिरा | 7. | धरगांव |
| | | देशी मदिरा | 8. | लावर |
| | | देशी मदिरा | 9. | बिलाईडबरी |
| | | देशी मदिरा | 10. | बाना |
| | | देशी मदिरा | 11. | छपोरा |
| | | देशी मदिरा | 12. | कोंदेकेरा |
| | | विदेशी मदिरा | 13. | कोटा |
| | | विदेशी मदिरा | 14. | लाभाण्डी |
| | | विदेशी मदिरा | 15. | ईंडा |
| | | विदेशी मदिरा | 16. | मोवा |
| | | विदेशी मदिरा | 17. | खमतराई |
| | | विदेशी मदिरा | 18. | बिरगांव |
| | | विदेशी मदिरा | 19. | अमसेना |
| | | विदेशी मदिरा | 20. | राखी |
| | | विदेशी मदिरा | 21. | करमंदी |
| | | विदेशी मदिरा | 22. | छछानपैरी |
| | | विदेशी मदिरा | 23. | चन्द्रखुरी |
| | | विदेशी मदिरा | 24. | कठिया |
| | | विदेशी मदिरा | 25. | लवन |
| | | विदेशी मदिरा | 26. | लिम्तरा |
| | | विदेशी मदिरा | 27. | हथबंध |
| | | विदेशी मदिरा | 28. | रावन |
| | | विदेशी मदिरा | 29. | निपनिया |
| | | विदेशी मदिरा | 30. | धवलपुर |
| | | विदेशी मदिरा | 31. | अमलीपदर |
| | | विदेशी मदिरा | 32. | बया |
| | | विदेशी मदिरा | 33. | लाखेनगर, रायपुर |
| | | विदेशी मदिरा | 34. | गुल्लू |
| | | विदेशी मदिरा | 35. | मोहरा |
| 2. | दुर्ग | देशी मदिरा | 36. | खम्हरिया |
| | | देशी मदिरा | 37. | बेराखार |
| | | देशी मदिरा | 38. | महामाया वार्ड क्र. 3 बालोद |
| | | देशी मदिरा | 39. | हडगहन |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | दुर्ग | देशी मदिरा | 40. | सिर्री |
| | | देशी मदिरा | 41. | कुम्हली |
| | | विदेशी मदिरा | 42. | जेवरा सिरसा |
| | | विदेशी मदिरा | 43. | भिंभौरी |
| | | विदेशी मदिरा | 44. | संबलपुर |
| 3. | राजनांदगांव | देशी मदिरा | 45. | चौपालबाजार |
| | | देशी मदिरा | 46. | मेंढ़ा |
| | | देशी मदिरा | 47. | बलदेवपुर |
| | | विदेशी मदिरा | 48. | साल्हेवारा |
| 4. | महासमुंद | देशी मदिरा | 49. | पत्रला |
| | | देशी मदिरा | 50. | भदरसी |
| | | देशी मदिरा | 51. | कोलदा |
| | | देशी मदिरा | 52. | कमरौद |
| | | देशी मदिरा | 53. | तोरेसिंहा |
| | | देशी मदिरा | 54. | अछोला |
| 5. | कबीरधाम | देशी मदिरा | 55. | चिल्फी |
| | | देशी मदिरा | 56. | लोहारा |
| | | देशी मदिरा | 57. | कोदवागोडान |
| | | विदेशी मदिरा | 58. | कवर्धा (द्वितीय) |
| | | विदेशी मदिरा | 59. | दशरंगपुर |
| | | विदेशी मदिरा | 60. | पाण्डातराई |
| | | विदेशी मदिरा | 61. | कुण्डा |
| | | विदेशी मदिरा | 62. | कांपादाह |
| 6. | उ. ब. कांकेर | विदेशी मदिरा | 63. | नरहरपुर |
| | | विदेशी मदिरा | 64. | दुर्गकोंदल |
| 7. | बिलासपुर | देशी मदिरा | 65. | बीजा |
| | | देशी मदिरा | 66. | विजयपुर |
| | | देशी मदिरा | 67. | धरमपुरा |
| | | देशी मदिरा | 68. | सिलपहरी |
| | | विदेशी मदिरा | 69. | परसदा |
| | | विदेशी मदिरा | 70. | हिर्री |
| | | विदेशी मदिरा | 71. | जयरामनगर |
| | | विदेशी मदिरा | 72. | बेलतरा |
| | | विदेशी मदिरा | 73. | मल्हार |
| | | विदेशी मदिरा | 74. | छोटीकोनी |
| 8. | कोरबा | देशी मदिरा | 75. | देवपहरी |
| | | देशी मदिरा | 76. | चोटिया |
| | | देशी मदिरा | 77. | हरदीबाजार |
| | | देशी मदिरा | 78. | उमरेली |
| | | देशी मदिरा | 79. | रूमगरा |
| | | देशी मदिरा | 80 | कैलाश नगर |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| | कोरबा | देशी मदिरा | 81. | भदरापारा |
| | | देशी मदिरा | 82. | मानिकपुर |
| | | देशी मदिरा | 83. | फोकटपारा |
| | | देशी मदिरा | 84. | सर्वमंगला |
| | | देशी मदिरा | 85. | बुधवारी |
| | | देशी मदिरा | 86. | खोदीपारा |
| | | देशी मदिरा | 87. | तुलसीनगर |
| | | विदेशी मदिरा | 88. | निहारिका रोड |
| | | विदेशी मदिरा | 89. | मुड़ापार |
